


नवभारत
सतना, बुधवार, 8 अप्रैल, 2026


# ध्येय, मेहनत और गुरु प्रेरणा सफलता के लिए जरूरी : डॉ . इलेश

## सदगुरु शिक्षा समिति का वार्षिक गृह-परीक्षा परिणाम घोषित, 70 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं स्वर्ण एवं रजत पदकों से सम्मानित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 7 अप्रैल, परम पूज्य संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की पावन प्रेरणा से चित्रकूट के जानकीकुंड में संचालित सदगुरु शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित शैक्षणिक संस्था विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सदगुरु पब्लिक स्कूल का वार्षिक गृह-परीक्षा परिणाम गरिमामय समारोह में घोषित किया गया ।**





समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं संस्कार आधारित शिक्षा की झलक स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई ।मुख्य अतिथि के रूप में श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी एवं निदेशक डॉ. ईलेश जैन उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती उषा बी. जैन ने की ।मंच पर उपाध्यक्ष श्रीमती अनुभा अग्रवाल, सचिव आर.बी. सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राकेश शाक्या एवं श्री कार्तिकेय द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ माता सरस्वती एवं पूज्य गुरुदेव के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । इसके उपरांत स्वागतीय उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए श्रीमती उषा बी. जैन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया ।उन्होंने अपने संबोधन में स्मृतिशेष पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि, सदगुरु के शैक्षणिक संस्थान केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास को सुनिश्चित करना है, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा में अपना योदान सुनिश्चित कर सकें ।तदुपरांत दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा कक्षावार परीक्षा परिणामों की विस्तृत घोषणा की गई । विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंचासीन अतिथियों ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 70 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया । इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर अभिभावकों एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह एवं गौरव का वातावरण रहा । मुख्य अतिथि डॉ. ईलेश जैन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि, उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नवाचार, अनुशासन एवं संस्कार ही विद्यार्थियों की वास्तविक पहचान बनाते हैं उन्होंने कहा कि शिक्षा की प्रथम शुरुआत घर से होती है अर्थात संस्कार माता पिता ही बच्चों को देते है,साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षक और अभिभाषक की सहभागिता से बच्चे आगे बढ़ते है उन्होंने अपने पूज्य पिता पद्मश्री स्व डॉ बी के जैन को याद करते हुए कहा कि डॉ जैन कहा करते थे देश का भविष्य इन्हीं बच्चों पर है उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ध्येय,कड़ी मेहनत और गुरु की प्रेरणा जीवन में बहुत जरूरी है और जो इन तीनों को अपने जीवन में अपना लेता है वहीं आगे बढ़ता है। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों एवं नवाचारों को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया ।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, अपने गुरुजनों का मार्गदर्शन, अनुशासन एवं उनकी सीख ही सफलता के द्वार खोलती है । उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं कि, वे आगामी भविष्य में चित्रकूट एवं सतना ही नहीं अपितु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायें तथा शेष विद्यार्थियों को निराश न होकर आत्ममंथन, निरंतर अभ्यास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, प्राचार्य शंकरदयाल पांडेय, राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, तुषारकांत शास्त्री, उप-प्राचार्य विनोद पाण्डेय, फूलचंद यादव, अंजलि भटनागर . सीमा चौधरी, ज्योति सिंह सहित उभय विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।




# दस शीशी नशीली कफ सिरप सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मैहर 7 अप्रैल, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा श्री गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत मैहर जिले के ताला थाना पुलिस ने नशे के कारोबार से जुड़े आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते 10 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 06.04.26 को उप निरी. नागेश्वर प्रसाद मिश्रा चौकी प्रभारी पुलिस चौकी मुकुन्दपुर के हमराह स्टाफ गोविन्दगढ़ बेला मार्ग में यातायात व्यवस्था बनाते दौरान 1 संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में अवैध नशीली कफ सिरप ले जाते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पंचानों के समक्ष पूछताछ कर बोरी की तलाशी लेने पर 10 शीशी कोडीन फास्फेट युक्त अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप लिये होना पाया गया जो नाम पता पूछने पर अपना नाम विवेक उर्फ बलदाउ गुप्ता पिता विनोद कुमार गुप्ता उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मुकुन्दपुर थाना ताला जिला मैहर (म.प्र.) का होना बताया जिसके कब्जे से 10 शीशी कोडीन फास्फेट युक्त अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप कीमती -1800/- रु. 1 नग वीवो कंपनी का मोबाईल कीमती -15000/रु जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 6/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है एवं आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। दो अन्य की तलाश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में निरी. महेन्द्र मिश्रा थाना प्रभारी ताला, उप निरी. नागेश्वर प्रसाद मिश्रा चौकी प्रभारी मुकुन्दपुर, प्र.आर. राजभान सिंह, प्र.आर. इच्छालाल तिवारी, आर. आशीष मिश्रा, आर. विवेक मिश्रा सै.सुन्दरलाल शर्मा शामिल रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ . गोविंद नारायण सिंह की स्मृति में काव्य संध्या 12 को

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 7 अप्रैल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. गोविंद नारायण सिंह की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ( काव्य संध्या ) रविवार, 12 अप्रैल 2026 सायं 5 बजे से लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम, हनुमानगंज, रामपुर बाघेलान में विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया के मुख्य अतिथि में आयोजित होगा।**



कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवियों को आमंत्रित किया गया है। विशेष आकर्षण डॉ. विष्णु सक्सेना (अंतरराष्ट्रीय गीतकार), डॉ. अनु सुमन (अंतरराष्ट्रीय कवयित्री, भोपाल) ,अखिलेश द्विवेदी (प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) ,प्रियेश गजेंद्र (अंतरराष्ट्रीय गीतकार, उ.प्र.) ,राम भदावर ओज (इटावा, उत्तर प्रदेश) ,बिहारी लाल अंबर (हास्य कवि, प्रयागराज) ,रविशंकर चतुर्वेदी (हास्य कवि, सतना) एवं रामपाल सिंह (कवि संचालक) होंगे। आयोजक विहान साहित्यिक विचार मंच, रामपुर बघेलान जिला सतना ने सभी लोगों से अधिक से अधिक से उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील किया है।

# कोटर तहसील में रात में ट्रक ड्राइवरों से जबरन वसूली

नवभारत न्यूज

**कोटर 7 अप्रैल, जिले के कोटर तहसील में तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ट्रक ड्राइवरों ने आरोप लगाया है कि तहसीलदार और उनके सहयोगियों द्वारा रात के समय अवैध वसूली की जा रही है।**



पीड़ित ट्रक ड्राइवरों के अनुसार, रात करीब 9 बजे के बाद 4-5 लोगों की एक टीम सक्रिय हो जाती है, जो सड़क पर चलने वाले ट्रकों को रोककर उनसे पैसे की मांग करती है। ड्राइवरों का कहना है कि पैसे न देने पर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और यहां तक कि मोबाइल फोन भी छीन लेने की घटनाएं सामने आई हैं। मामले को लेकर ड्राइवरों ने फोन के माध्यम से एसडीएम रामपुर से शिकायत भी की है, लेकिन आरोप है कि शिकायत के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और कथित वसूली का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में इस घटना को लेकर नाराजगी देखी जा रही है।अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है कि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

### दो चौकीदारों की भूमिका सवालों में

ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर दो चौकीदारों की भूमिका सवालों में है वही लोग तहसीलदार ट्रक खड़े कराकर और वसूली का कार्य करते हैं जिससे ट्रक ड्राइवर परेशान हो रहे हैं इसके पहले भी इसी तरह की हरकत तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी द्वारा की जाती थी जिस पर पत्रकारों ने पहुंचकर और वीडियो बनाना शुरू किया तो तहसीलदार पत्रकारों को वहां से भगाने की कोशिश की साथ ही वसूली अभियान भी बंद करने के लिए कह दिए।



## भागवत कथा में गाजे बाजे के बीच हुआश्री कृष्ण एवं रुक्मणी विवाह

**कोटर 7 अप्रैल,** ग्राम पंचायत थथौरा में श्रीमद् भागवत कथा की गंगा बह रही है ।कथा व्यास परमहंस हजारिया जी महाराज (मोक्षनगरी काशी धाम) के द्वारा भगवान की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया जा रहा है। आज भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी विवाह का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ संपन्न हुआ समापन कथा श्रोता सोनवारा हनुमान जी हैं कथा का शुभारंभ कार्यक्रम दिनांक 2/04/2026 एवं कथा समाप्ति दिनांक से 8/04/2026 को एवं भंडारा दिनांक 09/04/2026 को है। कथा में ग्रामीणों की उपस्थिति काफी संख्या में रही पूरा गांव भक्ति एवं प्रेम रस में लीन नजर आया.

## एसपी कार्यालय मैहर में जनसुनवाई का आयोजन

**मैहर ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मैहर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर द्वारा जनसुनवाई की गई।इस दौरान



स्थानीय नागरिकों/ महिलाओं ने अपनी समस्याएँ, शिकायतें और सुझाव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए। अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाएगा। संबंधित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को शिकायतों के निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# डॉ . यामिनी नंदा वर्मा को एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त, परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 7 अप्रैल, जिले के रामपुर बाघेलान की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. यामिनी नंदा वर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण कर चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भोपाल मेडिकल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें विधिवत "डॉक्टर" की उपाधि से सम्मानित किया गया।**



डॉ. यामिनी, राम निरंजन वर्मा की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। वर्षों की कठिन पढ़ाई, अनुशासन और संघर्ष के बाद हासिल की गई यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब उन्हें डॉक्टरी की डिग्री प्रदान की गई, तब उपस्थित सभी लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। यह पल उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण और यादगार क्षण रहा, जिसे उन्होंने अपने परिवार और शुभचिंतकों के आशीर्वाद के साथ साझा किया। डॉ. यामिनी की इस उपलब्धि पर बर्मा परिवार को चारों ओर से बधाइयाँ मिल रही हैं। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, मित्रों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे एक सफल और संवेदनशील चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगी। इस अवसर पर परिजनों ने भावुक होते हुए कहा कि यामिनी की यह सफलता उनके अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने हमेशा अपने लक्ष्य को प्राथमिकता दी और हर चुनौती का डटकर सामना किया। यह उपलब्धि न केवल बर्मा परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे रामपुर बघेलान क्षेत्र के लिए भी सम्मान की बात है। डॉ. यामिनी नंदा वर्मा की सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

# ककरहा के कोरियान रोड के उड़े परखच्चे, 8 माह पूर्व हुआ है निर्माण

नवभारत न्यूज

**सतना 7 अप्रैल, उचेहरा जनपद पंचायत कार्यालय से बमुस्किल 1 किलोमीटर की दूरी पर रगला पंचायत के वार्ड 10 कोरियान मोहल्ला में करीब 8 माह पूर्व बनी पी सी सी रोड के परखच्चे उड़ गये हैं । सहज रूप से देख कोई नहीं कह सकता कि यह रोड अभी कुछ महीने पहले ही बनी होगी।**



सूत्रों की माने तो इस रोड का निर्माण ठेके में कराया गया है । सबसे ताजुब की बात यह है कि जिस रगला पंचायत में जनपद का मुख्यालय है जहां सभी जुम्मेदार अधिकारी बैठते हो वहां की रोड का इस तरह से घटिया निर्माण हुआ हो रोड के हुये निर्माण का कवरेज के दरमियान ग्रामीण इतने डरे सहमे रहे कि निर्माण एजेंसी का नाम भी नहीं बताना चाह रहे थे बड़े मुस्किल से ग्रामीणों ने अपना मुंह खोला हासिल जानकारी अनुसार इस रोड की निर्माण एजेंसी तो पंचायत है लेकिन यह निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया है और इस पंचायत के काबिल इंजीनियर दीपक सिंह है व जनपद की तकनीकी शाखा की एस डी ओ मधु बागरी हैं अब देखना होगा कि शासन ने क्या इतनी राशि खर्च कर इतने कम समय के लिए यह रोड बनवाई है । ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर इतना जरूर बताया कि रोड के बनते समय ही हम लोगों ने इस तरह के हो रहे निर्माण की आपत्ति उठाई थी लेकिन किसी ने सुना ही नहीं , जनपद के सी ई ओ ने स्पस्ट लिखित आदेश पंचायतो को जारी कर रख है कि अगर किसी भी पंचायत में निर्माण ठेके से होता है तो उसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव की होगी और उन पर विधि सम्मत सीधी कार्यवाहीं होगी फिर भी अमूमन जनपद की हर पंचायतों का निर्माण बेधड़क ठेके से हो रहा है। बहरहाल रगला पंचायत के ककरहा वार्ड नं 10 में हुए सड़क निर्माण की कब तक में जांच होगी यह देखने वाली बात जरुर होगी.

# मझगवां में एमडीएम घोटाले में समूहों पर हो सकती है कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**मझगवां 7 अप्रैल, जनपद पंचायत मझगवां में मध्यान भोजन योजना को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार सामने आने की आशंका जताई गई है।**




आरोप है कि कई महिला स्व-सहायता समूह बिना रिकॉर्ड, बिना ऑडिट और बिना गुणवत्ता के योजना का संचालन कर बच्चों के हक में डाका डाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, भोजन वितरण में भारी गड़बड़ी, फर्जी दस्तावेज और शासन के नियमों की खुली अनदेखी की जा रही है। पूर्व अधिकारियों द्वारा जारी नोटिस भी ठंडे बस्ते में डाल दिए गए, जिससे भ्रष्टाचारियों के हौंसले और बुलंद हो गए।

अब शिकायत सीधे जिला पंचायत तक पहुंच चुकी है। यदि जांच होती है तो दोषियों पर राशि वसूली, ब्लैकलिस्टिंग और सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# ग्रामोदय विवि के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण कार्यों का किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 7 अप्रैल ।महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान और पर्यावरण संकाय अंतर्गत संचालित ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के एम.एस-सी. ( पर्यावरण विज्ञान ) तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रो. घनश्याम गुप्ता के नेतृत्व में मंदाकिनी नदी की सहायक झूरी नदी पर चल रहे जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया।**



मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग द्वारा नदी में जल संरक्षण हेतु लूज बोल्डर डैम, चेक डैम, स्टॉप डैम, पर्कोलेशन टैंक एवं तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है।

विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्षा आधारित बिंध्य क्षेत्र की नदियों का अस्तित्व जंगलों एवं पहाड़ों पर निर्भर करता है, जहां संचित जल धीरे-धीरे नदी को जीवन प्रदान करता है। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था, ताकि वे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जिम्मेदार बन सकें। इस पहल को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आशा व्यक्त की गई कि इससे झूरी नदी पुनर्जीवित होगी तथा अन्य नदियों के संरक्षण के लिए भी प्रेरणा मिलेगी। भ्रमण में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# बृजेंद्र सिंह को मिली प्रदेश सलाहकार की जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 7 अप्रैल, मानवाधिकार संरक्षण एवं अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में सक्रिय अग्रणी संस्था राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने मध्यप्रदेश में अपनी संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ करते हुए समाजसेवी बृजेंद्र सिंह मेहुती जैतवारा को प्रदेश सलाहकार के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है।**

यह नियुक्ति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार द्वारा, राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर प्रभात मिश्रा की अनुशंसा तथा कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष (म.प्र.) अभिनव सक्सेना की सहमति से की गई है ।नवीन दायित्व प्राप्त होने पर बृजेंद्र सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह



जिम्मेदारी मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संकल्प है। मेरा प्राथमिक लक्ष्य मध्यप्रदेश में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पीड़ितों की आवाज बनना और उन्हें संवैधानिक अधिकार दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाना होगा। मैं पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा और समर्पण के साथ संस्था के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करूंगा। श्री सिंह ने सभी शुभ चिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री सिंह की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर प्रदेशभर के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रमुख रूप से प्रभात मिश्रा, अभिमन्यु सक्सेना, विनोद तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, डॉ. राजेश तिवारी, प्रदीप तिवारी, विजयेंद्र जडिया, अभिलाष सिंह, पंकज मिश्रा, आर.बी. सिंह (देवास), मनोज शुक्ला (मैहर), भरत पटेल (जबलपुर), रामजी शरण राय (दतिया), अर्चना त्रिपाठी, रोहित द्विवेदी, धीरज मालवीय, नीरज सिंह, शरणजीत पांड्या (कटनी), बलवान सिंह (आष्टा) सहित हजारों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# होनहारों ने विद्यालय का बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 7 अप्रैल, बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ी पुलिया कर्वी चित्रकूट के पी सी एस एवं समीक्षा अधिकारी उ प्र सचिवालय में चयनित भैय्या ओ का वंदना सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय और विद्यालय के प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्रा के द्वारा सम्मान किया गया।**



बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व सन 2024 के यूपीपीसीएस परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर बेड़ी पुलिया के तीन भैय्या ओ का चयन चयन हुआ। जिसमें योगेंद्र सिंह सन 2012 के छात्र ने 142 रैंक ,भैया अभिनव राज सिंह सन 2012 के छात्र तथा भैया अभिषेक सिंह सन 2013 के छात्र 47 वीं रैंक प्राप्त की। वहीं भैय्या दिवाकर सिंह27 वीं रैंक, भैय्या रावेन्द्र जो 2013 बैच के छात्र रहे उनका चयन समीक्षा अधिकारी उ प्र सचिवालय में हुआ। इन भैय्या ओ ने न सिर्फ विद्यालय का बल्कि इस कर्वी चित्रकूट नगर का तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का मान बढ़ाया है। विद्यालय के समस्त आचार्य बंधुओं ने भैय्या ओ का माल्यार्पण कर रोली चंदन, पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान तथा मेडल पहना करके और अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया ।सफलता प्राप्त भैया लोगों ने विद्यालय के अनुशासन समय पालन आचार्य जी की मेहनत आदि की प्रशंसा करते हुए सभी भैया बहनों को बताया कि जिंदगी की सफलता आपके अनुशासन पर निर्भर करती और अनुशासन का पाठ विद्या मंदिर विद्यालय में ही प्राप्त होता है जो सदैव जीवन में आगे बढ़ाने में मदद करता है विद्यालय की डायरी में कराए गए पालन से आगे बहुत सहायता प्राप्त होती है। विद्यालय के प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्रा ने सफलता प्राप्त भैय्या ओ को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि सामने बैठे ये भैय्या बहन भी भविष्य के श्रेष्ठ नागरिक बन कर्वी चित्रकूट का अपने अपने क्षेत्र में जरूर नाम रोशन करेंगे। सभी भैय्या बहनों एवं आचार्य बंधु भगिनी में उत्साह एवं उमंग नजर आया।

# उपभोक्ताओं को लाईन में लगने के बाद भी सिलेण्डर नहीं

## बाजार में धडल्ले से बिक रहा दो हजार में, आखिर आ कहां से रहें

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 7 अप्रैल, गैस सिलेंडर के लिये तीन से चार दिन यहां तक की हफ्तों सुबह से शाम तक लाईन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा तो वहीं बाजार में दो हजार का सिलेंडर बड़े आराम से मिल रहां हैं सवाल उठता है कि आखिर काला बजारी के लिये सलेन्डर आ कहां से रहा हैं ।**

वैसे भी अमरपाटन मानसी गैस एजेंसी संचालिका के पति जो अपनी पत्नी की नौकरी कर रहे पति के तेवर उपभोक्ताओं की समस्या घटाने की ना होकर बढ़ाने वाली रहती है इससे ऐसा ऐसा पृतीत होता हैं कि जानबूझकर गैस की किल्त वनाई जा रही है इसमें यहां के स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला हुआ है यदि ऐसा ना होता तो गैस की कालाबाजारी पर अंकुश लग जाता वा उपभोक्ताओं को सहजता के साथ सिलेंडर मिल पाते ।जिसका उदाहरण गत दिवस एक दुकान में सोलह सिलेंडर जब्त किये तो गये लेकिन क्या पुलिस या पृशासन इसके तह तक पहुचने का पयास करेगा कि आखिर संबंधित व्यक्ति के पास इतने सलेन्डर आये कहां से। बताया जाता हैं कि लाईन में लगने वालों के लिये सिलेंडर ना होनें की बात कह कर किनारे कर दिया जाता है और रात्रि में सिलेंडरों की सप्लाई कर दी जाती है हालात यहां तक है कि कई उपभोक्ताओं को यह भी पता नहीं कि उनके नाम से मिलने वाला सिलेंडर वा सब्सिडी जा कहां रहीं हैं ऐसा ही एक मामला सुषमा कुशवाहा का सामने आया जिसमें पिछले छः महीने से सिलेंडर रिफिल वा सब्सिडी किसके पास जा रही हैं पता नहीं संबंधित पीड़ित एक सप्ताह से पन्द्रह किलोमीटर दूर से आकर पता करने की कोशिश करती रहीं लेकिन गैस एजेंसी के कर्ताधर्ताओं पर कोई असर होता ना देख 181मे जब शिकायत की तब जाकर मामला सुलझा वा संबंधित को सिलेंडर दिया गया इस तरह और कई मामले होगे क्योंकि कांपी पहले ही जमा कर ली जाती है ।और कुछ इसी तरह का गोलमाल कर दिया जाता होगा।



# राष्ट्र सेविका समिति के प्रारंभिक वर्ग का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**नागौद 7 अप्रैल, विश्व का सबसे बडा महिला संघठन राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक वर्ग स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवपूरम नागौद में दिनांक 29 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया ।**

23 विभिन्न स्थानों से आयी 150 शिक्षार्थी बहनो ने भाग लिया। जिससे कि उनका सर्वांगीण विकास हो। प्रशिक्षण में दंड ,नियुद्ध, लेजियम, आचार्य पद्धति, बौद्धिक विकास इत्यादि विषयों पर मार्गदर्शन प्रबुद्ध जनों द्वारा प्रदान किया गया। दिनांक 3 अप्रैल को शिक्षार्थीयों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए घोष वंदन सहित संचलन निकाला गया। जिसका स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया । संचलन का अनुशासन नगर में चर्चा का विषय रहा। दिनांक 4 अप्रैल को इस वर्ग का समापन हुआ। इस वर्ग में मुख्य रूप से प्रांतीय अधिकारी भाग्य श्री नातू ताई प्रांत सह कार्यवाहिका जी उपस्थित रहीं।